

Kumar Ramesh
Managing Director

3 July 2022

# Career Pathway

No. 1 COMPETITIVE EXAM PREP INSTITUTE

Follow us on

Daily Current Affairs Booster

# Daily Current Affairs

IAS | HAS | NT

BANK | SSC | ALL COMPETITIVE EXAMS

Helpline & 98052-91450

## 3 जुलाई का इतिहास

- **1879 :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बासुदेव बलवंत फड़के को गिरफ्तार कर लिया गया।
- **1897 :** भारत की प्रसिद्ध समाजसेवी, स्वतंत्रता सेनानी और शिक्षाविद हंसा मेहता का जन्म हुआ।
- **1972 :** भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद शिमला समझौता पर हस्ताक्षर हुए।
- **1999 :** परमवीर चक्र सम्मानित भारतीय सैनिक मनोज कुमार पांडेय का निधन हुआ।

## 3 जुलाई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही है और अगले 30 वर्षो में 30 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। तमिलनाडु के तिरूपुर में निर्यातकों से बात करते हुए गोयल ने टिप्पणी की कि अगर भारत सालाना 8% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ता है, तो अर्थव्यवस्था नौ वर्षो में दोगुनी हो जाएगी। पीयूष गोयल के अनुसार देश की अर्थव्यवस्था वर्तमान में लगभग 3.2 ट्रिलियन डॉलर की है और नौ वर्षो में लगभग 6.5 ट्रिलियन डॉलर की होगी।
- वस्तु एवं सेवा कर परिषद जीएसटी ट्रिब्यूनल बनाने को आसान करने के लिए कानून में बदलाव की बात करने जा रही है। देश में ऑनलाइन गेमिंग कैसिनो और रेस कोर्स पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने की तैयारी है। राज्यों के वित्त मंत्रियों वाली मंत्रियों के समूह ने ऑनलाइन गेमिंग, कैसिनो और रेस कोर्स पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने की सिफारिश करने पर अपनी सहमति दे दी हैं। मंत्रियों का समूह अगले कुछ दिनों में अपनी रिपोर्ट को सौंप देगा।
- भारतीय मानक ब्यूरो ने लिथियम आयन बैटरी के प्रदर्शन के लिए मानक स्थापित किए हैं जो आमतौर पर इलेक्ट्रिक वाहनों में उपयोग किये जाते हैं। बीआईएस ने विद्युत चालित सड़क वाहनों के लिए लिथियम-आयन ट्रैक्शन बैटरी पैक सिस्टम के लिए मानक निर्धारित किए हैं। भारतीय मानक ब्यूरो विभिन्न यात्री और माल ढोने वाले वाहनों के लिए बैटरी से संबंधित दो और मानक स्थापित करेगा।
- संयुक्त राज्य अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने गर्भपात के संवैधानिक अधिकार को समाप्त करके अपने 50 साल पुराने रो वी वेड मामले के फैसले को पलट दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रजनन आयु की लगभग 36 मिलियन महिलाएं गर्भपात के संवैधानिक अधिकार को खो देगी।
- पूव पेयजल एवं जल स्वच्छता सचिव परमेश्वरन अय्यर को 2 वर्ष के लिए नीति आयोग का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। वह अमिताभ कांत का स्थान लेंगे। कांत को निश्चित दो साल के कार्यकाल के लिए 17 फरवरी 2016 को नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया के सीईओ के रूप में नियुक्त किया गया था।
- कर्नाटक और उत्तराखंड में वन-हेल्थ फ्रेमवर्क अंडरटेकिंग परियोजना को शुरू किया जा रहा है। यह परियोजना मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा लागू की जा रही है। यह वन-हेल्थ दृष्टिकोण के माध्यम से चुनौतियों का समाधान करने के लिए पशु मानव और पर्यावरण स्वास्थ्य से हितधारकों को एक साझा मंच पर लाने की एक पहल है। इस पहल के जरिये राष्ट्रीय स्तर पर वन हेल्थ रोडमैप विकसित किया जाएगा।
- बैंक ऑफ बड़ौदा और नैनीताल बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बैंक ऑफ बड़ौदा फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड के अनुसार नैनीताल बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा ने सह-ब्रांडेड कॉन्टैक्टलेस रूपे क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। इसकी स्थापना भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत ने सन् 1922 में की थी और सन् 1973 से बैंक ऑफ बड़ौदा प्रबंधन के अधीन है। यह कार्ड, जिसे नैनीताल बैंक के शताब्दी वर्ष में पेश किया जा रहा है। इसका उद्देश्य किराने का सामान और डिपार्टमेंट स्टोर सहित रोजमर्रा की खर्च श्रेणियों के लिए उपयोगकर्ताओं को रिवार्ड प्रदान करना है।
- अनिल खन्ना को भारतीय ओलंपिक संघ का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आदेश दिया है कि नरिंदर ध्रुव बत्रा भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में अपना कार्यकाल जारी नही रख सकते हैं और अनिल बत्रा को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- मध्यप्रदेश ने साल 2022 में इतिहास रच दिया क्योंकि मध्यप्रदेश ने बेंगलुरू के एम.चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए फाइनल मुकाबले में टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीम मुंबई को 6 विकेट से हराकर अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीता। आदित्य श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने 41 बार की चैंपियन मुंबई को हराया। बतौर कोच भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज चंद्रकांत पंडित ने टीम को प्रशिक्षित किया था।
- ओडिशा की रहने वाली श्रेया लेंका भारत से पहली के पॉप स्टार बन गई है। श्रेया का ब्लैकस्वॉन बैंड के लिए चयन यूट्यूब पर ऑडिशन देकर हुआ है। श्रेया ने कई सारे के ड्रामा देखकर और ऑनलाइन ही कोरियान भाषा सीखी थी।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. किस संस्थान ने इंडियाज बूमिंग गिग एंड प्लेटफॉर्म इकोनॉमी नामक रिपोर्ट को जारी किया है ?**

(A) वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली (B) भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली
(C) नीति आयोग, नई दिल्ली (D) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, मुंबई

**(C)** इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में साल 2029-30 तक लगभग 2.35 करोड़ गिग अर्थव्यवस्था से जुड़ जाएंगे। इसका मतलब यह है कि वे ऑनलाइन घर बैठे काम कर अपना जीवन यापन कर सकेंगे यह आबादी देश की कुल आबादी का लगभग 4.1 प्रतिशत होगा।




**2. अंतर्राष्ट्रीय संसदीय दिवस (International Day of Parliamentarism) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 24 जून (B) 26 जून
(C) 28 जुलाई (D) 30 जून

**(D)** हर साल 30 जून को विश्व स्तर पर संसदीय दिवस मनाया जाता है। यह दिवस संसदों की उन प्रक्रियों को चिन्हित करने के लिए मनाया जाता है जिनके द्वारा सरकार की संसदीय प्रणालियाँ दुनिया भर के लोगों के रोजमर्रा के जीवन को बेहतर बनाती हैं। इस दिवस की शुरूआत वर्ष 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा प्रस्ताव के माध्यम से की गई थी। इसके अलावा यह दिन अंतर संसदीय संघ के गठन की तिथि को भी चिन्हित करता है, जो संसदों का वैश्विक संगठन और जिसे 1889 में स्थापित किया गया था।




**3. विश्व सोशल मीडिया दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 10 जनवरी (B) 15 मार्च
(C) 30 जून (D) 5 जुलाई

**(C)** विश्व सोशल मीडिया दिवस हर साल 30 जून को मनाया जाता है। विश्वभर में पहली बार 30 जून 2010 को विश्व सोशल मीडिया दिवस के रूप में मनाया गया था। विश्व सोशल मीडिया दिवस का मुख्य उद्देश्य विश्व में सोशल मीडिया संचार के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में कैसे उभरा इसके बारे में सभी को बताया जा सके।




**4. हाल ही में रक्षा मंत्रालय ने कितने स्थानों पर बीआरओ कैफे की स्थापना को मंजूरी दी?**

(A) 45 (B) 65
(C) 75 (D) 85

**(C)** 12 राज्यों में 75 स्थानों पर सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) कैफे स्थापित किए जाएंगे। कैफे पर्यटकों को बुनियादी सुविधाएं और आराम प्रदान करेंगे। यह सीमावर्ती क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा। इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार सृजित करने में भी मदद मिलेगी। यह लाइसेंस के आधार पर सार्वजनिक निजी भागीदारी मोड में सड़क किनारे की सुविधाएं प्रदान करेगा।



**5. ओशिनिक्स सिटी नामक एक तैरता हुआ शहर किस देश में स्थापित किया जा रहा है?**

(A) नेपाल (B) दक्षिण कोरिया
(C) इजराइल (D) जापान

**(B)** दक्षिण कोरिया ने इस साल अप्रैल में ओशिनिक्स सिटी नाम से दुनिया के पहले तैरते शहर की घोषणा की थी। इसे दक्षिण कोरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर बुसान के तट पर स्थापित किया जा रहा है। अगले साल से निर्माण प्रक्रिया शुरू होने जा रही है।



**6. किस राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए 'MEDISEP' नामक चिकित्सा बीमा योजना शुरू की है ?**




(A) झारखंड (B) मेघालय
(C) केरल (D) तमिलनाडु

**(C)** इस योजना का मुख्य उद्देश्य केरल राज्य में सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को 3 लाख तक स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करना है। इसमें राज्य सरकार के सभी कर्मचारी, पेंशनभोगी और उनके परिवार/आश्रित शामिल है। इस योजना में वर्ष 2022-24 की पॉलिसी अवधि के लिए कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का वार्षिक प्रीमियम 4800 रूपये + 18% GST होगा, और मासिक प्रीमियम 500 रूपये वेतन/पेंशन से काट लिया जाएगा।

**7. हाल ही में किस राज्य को सार्वजनिक परिवहन सेवा, 'मो बस' को प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?**



(A) मध्यप्रदेश (B) केरल
(C) ओडिशा (D) तमिलनाडु

**(C)** ओडिशा स्थित सार्वजनिक परिवहन सेवा मो बस को कोविड-19 से दुनिया को बेहतर ढंग से उबरने में भूमिका और प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार दुनिया को कोविड-19 से बेहतर तरीके से उबरने में मदद करने के लिए 10 नवाचारों को मान्यता देते हैं और जीत हासिल करने वाली पहल बच्चों को सुरक्षित रखने, लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने और पानी के नीचे जीवन की रक्षा करने में मदद करती है।

**8. रघुराजपुर जो हाल ही में चर्चा में रहा, किस प्रकार की पेंटिंग के लिए प्रसिद्ध है?**



(A) तेल चित्र (B) पट्टाचित्र
(C) चलचित्र (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** पट्टाचित्र पेंटिंग ओडिशा और पश्चिम बंगाल की पारंपरिक पेंटिंग है। वे मुख्य रूप से हिंदु पौराणिक कथाओं को दर्शाते हैं और जगन्नाथ और वैष्णव संप्रदाय से निकटता से संबंधित है। यह हाल ही में खबरो में था क्योंकि ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस को उपहार के रूप में एक पट्टाचित्र कलाकार अपिंद्र स्वैन और उनके परिवार द्वारा बनाया गया था।

**9. ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स 2022 नामक सहकारी परिषद बैठक की अध्यक्षता किसने की है ?**



(A) सर्बानंद सोनोवाल (B) किरण रिजिजू
(C) गजेंद्र सिंह शेखावत (D) पीयूष गोयल

**(D)** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स 2022 नामक सहकारी परिषद बैठक की अध्यक्षता की है। इस बैठक का उद्देश्य डिजिटल या इलेक्टॉनिक्स नेटवर्क पर वस्तुओं एवं सेवाओं के आदान-प्रदान के लिए खुले नेटवर्क को बढ़ावा देना है।

**10. हाल ही में खबरों में रही वरदा नदी किस नदी की सहायक नदी है ?**



(A) तुंगभद्रा (B) गंगा
(C) यमुना (D) गोदावरी

**(A)** मध्य कर्नाटक की वरदा नदी तुंगभद्रा नदी की एक सहायक नदी है। कर्नाटक सरकार को वर्तमान में प्रस्तावित वेदती वरदा नदी जोड़ने की परियोजना के लिए पर्यावरणविदों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। बेदती वरदा नदी जोड़ने की परियोजना उत्तर कन्नड़ के सिरसी से रायपुर ओर कोप्पल जिलों से शुष्क क्षेत्रों में लगभग 524 मिलियन क्यूबिक लीटर पानी पंप करने का प्रयास करेगी।